समाचार

# उद्योग मंत्री ने वार्ड क्र. 54 व 55 को दी साढ़े 52 लाख रू. के विकास कार्यो की सौगात

## (सुमेधा बस्ती में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में 03 नये विकास कार्यो का किया भूमिपूजन, पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य संपादन करते हुए समयसीमा में कार्य पूरा करने के दिए निर्देश)




कोरबा 21 अक्टूबर 2025 – प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने नगर पालिक निगम केरबा के वार्ड क्र. 54 व 55 को साढ़े 52 लाख रूपये के विकास कार्यो की सौगात दी, दर्री जोन के सुमेधा बस्ती में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री देवांगन ने 03 नये विकास कार्यो का भूमिपूजन किया तथा तत्काल कार्य प्रारंभ कर पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य संपादन करते हुए समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 54 जमनीपाली अंतर्गत प्राथमिक शाला बरेड़ीमुडा में जिला खनिज न्यास मद से 16 लाख 95 हजार रूपये की लागत से शाला के नवीन भवन का निर्माण किया जाना हैं, वहीं वार्ड क्र. 54 जमनीपाली के ही अंतर्गत प्राथमिक शाला डुमरमुड़ा में जिला खनिज न्यास मद से 16 लाख 95 हजार रूपये की लागत से शाला में नवीन भवन का निर्माण होना हैं। इसी प्रकार वार्ड क्र. 55 सुमेधा में पार्षद निवास के सामने निगम मद से 18 लाख 50 हजार रूपये की लागत से नाली का निर्माण भी किया जाना हैं। दर्री जोनांतर्गत

वार्ड क्र. 55 सुमेधा बस्ती में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए उक्त तीनों विकास कार्ये का भूमिपूजन किया, उन्होने पूजा अर्चना की, शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया तथा शीघ्र कार्य प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा की गई, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी, वरिष्ठ पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन, मण्डल अध्यक्ष मनोज लहरे सहित निगम के पार्षद व जनप्रतिनिधिगण तथा काफी संख्या में बस्ती के नागरिकगण उपस्थित थे।

**आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा कर रहे प्रधानमंत्री –** इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का नारा दिया, भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया और हमारा सौभाग्य है कि उनका यह संकल्प तेजी के साथ पूरा हो रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ में 26 लाख प्रधानमंत्री आवासगृहों की स्वीकृत दी है तथा प्रदेश का कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं रहेगा, जिसके पास अपना स्वयं का पक्का घर न हों। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने समाज के सभी वर्गो के लिए दर्जनों कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर इन योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया है, आज देश में घर–घर शौचालय, घर–घर गैस सिलेंडर, पूरे देश में फोर लेन–6 लेन सड़कों का जाल बिछ चुका हैं, जी.एस.टी. में छुट देने का ऐतिहासिक फैसला लेने से करोंड़ो नागरिकों को इसका सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को तेजी के साथ पूरा किया है, आज महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्रदेश की 70 लाख माताओं–बहनों को 1000 रूपये प्रतिमाह मिल रहा है, 3100 रूपये धान की कीमत किसानों को दी जा रही है, 5500 रूपये प्रतिमानक बोरा तेदूपत्ता की दर संग्राहकों को दी गई है, 22 हजार से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों को भगवान श्रीरामलला के दर्शन इन डेढ वर्षो के दौरान कराए जा चुके हैं। उन्हेने कहा कि जहॉ तक नगर निगम कोरबा व जिले के विकास का प्रश्न है तो मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के द्वारा विकास कार्यो हेतु लगातार धनराशि दी जा रही है, मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि विगत 20 माह के दौरान 700 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्य निगम क्षेत्र के लिए स्वीकृत किए जा चुके हैं।

**जनताजनार्दन का भरोसा कभी नहीं टूटेगा –** इस अवसर पर दिए गए अपने उद्बोधन में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं मेरे प्रति जो भरोसा दिखाया है, वह भरोसा कभी नहीं टूटने दिया जाएगा, यह निश्चित है। उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के लगातार मार्गदर्शन में कोरबा नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्ड, बस्तियों, मोहल्लों, पारों में वहॉ के आमजन की मंशा व उनकी मांग के अनुसार लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं, जो आगे भी जारी रहेंगे। उन्होने कहा कि आज यहॉ पर 52 लाख 40 हजार रूपये के नए विकास कार्य शुरू हुए हैं, जो उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन की ही देन है।

**प्रदेश का हो रहा तेजी से विकास –** इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हो रहा है, उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन हमेशा कोरबा के विकास की चिंता करते हैं तथा कोरबा में विकास कार्यो हेतु फण्ड की लगातार व्यवस्था व स्वीकृति उनके द्वारा शासन स्तर पर कराई जा रही है, जिसके परिणाम स्वरूप कोरबा नगर निगम क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, वार्ड, बस्तियों की समस्याएं दूर हो रही हैं। श्री मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय व उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के प्रयासों से छत्तीसगढ़ में साढ़े 07 लाख करोड़ रूपये का निवेश उद्योगों में हे रहा है, जो हम सब के लिए गर्व व प्रसन्नता का विषय है। इस मौके पर वार्ड क्र. 54 के पार्षद मुकुंद सिंह कंवर व वार्ड क्र. 55 के पार्षद किशन कैवर्त ने भी संबोधित करते हुए विकास कार्यो हेतु उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के प्रति आभार व्यक्त किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम में सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, मुकुंद सिंह कंवर, किशन कैवर्त, एम.आई.सी.सदस्य सरोज शांडिल्य, फिरतराम साहू, पार्षद बंटी शांडिल्य, मण्डल अध्यक्ष मनोज लहरे, जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा, तुलसी ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर, आकाश श्रीवास्तव, ईश्वर साहू, रतन सिंह कंवर, लक्ष्य चतुर्वेदी, मनोज अग्रवाल, सुरेन्द्र प्रजापति, भुलसी प्रजापति, एस.डी.

दीवान, मनोज सिंह राजपूत, आशीष अग्रवाल, अंजय अग्रवाल, किशोर साहू, श्रीराम केंवट, लाखन सिंह, भूपेन्द्र साहू, मालती चौहान, विनीता प्रजापति, जोन कमिश्नर तपन तिवारी, सहायक अभियंता यशवंत जोगी, रितेश सिंह, विजय मिर्री, अनिल मिर्री, मनोज वर्मा आदि के साथ काफी संख्या में वार्ड के नागरिकगण उपस्थित थे।